# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 186 देहरादून शुक्रवार 03 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## धामी की ऐतिहासिक जीत, विरोधी चारों खाने चित्त

अरूण शर्मा

चंपावत। चंपावत उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चंपावत विधानसभा उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्य बाजार चंपावत में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चंपावत विधानसभा से ऐतिहासिक जीत (55025 वोटों से विजयी रहे) दिलवाने हेतु जनता एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चंपावत की देवतुल्य जनता द्वारा दिए गए समर्थन मत एवं स्नेह प्यार से मैं भावुक हूं। उन्होंने कहा चंपावत की जनता की हर आकांक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा, उन्होंने चंपावत से चुनाव लड़ने के प्रस्ताव को तुरंत स्वीकृति दिए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के लोगों का धन्यवाद किया है, साथ ही उन्होंने चंपावत की जनता का विशेष रूप से धन्यवाद किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कैलाश गहतोड़ी जी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को और आगे बढ़ाने के साथ ही हमारी सरकार क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का संचालन पूरी गुणवत्ता एवं तेजी के साथ करेगी। उन्होंने कहा जनता के साथ समन्वय बनाकर पूरे प्रदेश के साथ ही चंपावत में विकास कार्य करेंगे। कहा कि चंपावत में हम जल्द ही मां हिंगला देवी मंदिर को रोप वे से जोड़ने का कार्य करेंगे, पूर्णागिरी मंदिर से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण होगा , चंपावत शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जाने, सोवन सिंह जीना विश्वविद्यालय का कैंपस चंपावत में खोले जाने जैसे विभिन्न



कार्यों को जल्द किए जाने की बात कही। चंपावत की जनता के आशीर्वाद से हम चंपावत के विकास के साथ ही उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे एवं राज्य की 25 वीं वर्षगांठ पर हमारा राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, बागवानी, कृषि, पर्यटन, जैसे विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए हम पूरी ताकत से काम करेंगे। उन्होंने कहा चंपावत के प्रत्येक गांव में सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा एवं संचार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे इसके लिए हम हर क्षेत्र के भौगोलिक आधार पर विभिन्न योजनाएं बनाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक भी घोटाला नहीं हुआ है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचारियों पर रोक लगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा आज प्रत्येक योजनाएं जमीनी स्तर पर लागू हो रही हैं एवं प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार पहुंचे इसके लिए कई कार्य किए गए हैं। देश एक सशक्त भारत के रूप में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों की कार्यशैली में बदलाव आया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की इतनी बड़ी जीत के लिए वे अपने हमेशा चंपावत की जनता के आभारी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी का विशेष रूप से धन्यवाद किया, उन्होंने कहा कैलाश गहतोड़ी ने अपनी सीट छोड़कर उन्हें जिताने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी, सांसद अजय टम्टा, चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा, विधायक राम सिंह कैड़ा, विधायक शिव अरोड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चंपावत की जीत से विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा जाएगा

देहरादून, नरेंद्र क्षेत्री। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत उप चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर उत्तराखण्ड की जनता विशेष रूप से चम्पावत की जनता का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मैं उत्तराखंड की महान जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ये उसी जनता की जीत है जिसने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को अपने सर माथे पर बिठाया है। ये आपके भरोसे की जीत है। ये जीत मुझे उत्तराखंड की जनता की सेवा में प्राणपण से जुटे रहने का आदेश दे रही है। इस मौके पर मैं अपने प्रधानमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिनके सतत मार्गदर्शन ने मुझे इस लायक बनाया कि आज मैं उत्तराखंड की जनता के स्नेह और आशीर्वाद का पात्र हूं। प्रधानमंत्री मोदी की सेवा, साधना और तपस्या हम सभी के लिए आदर्श का एक मानक बन चुकी है। ये एक ऐसा मानक है जिसकी ओर बढ़ते हुए हम खुद को निखारते जाते हैं, जन सेवा की राह में स्वयं को मांजते जाते हैं। चंपावत विधानसभा का ये उपचुनाव केवल जीत हार की लड़ाई नहीं थी। इस उपचुनाव की ओट में उत्तराखंड को सजाने, संवारने और प्रगति का स्वर्णिम अध्याय रचने के स्वप्न भी छिपे हुए थे। ये 55025 वोटों की ऐतिहासिक जीत इन्हीं सपनो को पूरा करने के संकल्प की प्रतिध्वनि है। हमने प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से उत्तराखंड की जनता के जीवन को सुखमय बनाने का यज्ञ शुरू किया है। ये जीत इस यज्ञ की पूर्णता की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी। मैं अपने चंपावत के लोगों को भी यकीन दिलाता हूं कि उनकी हर पुकार, हर आग्रह, हर आदेश पर मैं स्वयं सेवा में हाजिर रहूंगा। मैं इस प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। मेरे जीवन का मकसद ही इस प्रदेश की सेवा है। पर एक जनप्रतिनिधि होने के नाते चंपावत के प्रति मेरे कुछ विशिष्ट उत्तरदायित्व भी हैं। मैं पूरे मनोयोग और समर्पण से उन उत्तरदायित्वों की सिद्धि की कोशिश करूंगा।

## कांग्रेसी नेताओं को ले लेना चाहिए राजनीति से संन्यासः रेखा आर्या

नगर संवाददाता

देहरादून। चम्पावत उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उन्होंने उन्हें बनबसा मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपने पर शीर्ष नेतृत्व का और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि चम्पावत विधानसभा में हुए इस उपचुनाव में यहां की देवतुल्य जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही मुख्यमंत्री धामी को ऐतिहासिक मतों से जिताकर एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की।



इस दौरान मंत्री रेखा आर्या ने चम्पावत उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए अनर्गल बयानबाजी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जिस तरह से यहां की जनता ने सिरे से नकारा, इससे प्रतीत होता है कि उत्तराखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी की विकास की नीतियों पर विश्वास करती है और यही कारण भी है कि चम्पावत में हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी और उनके प्रत्याशी की बेहद शर्मनाक हार हुई है। श्रीमती आर्या ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश को गुमराह करने की कोशिश करती है। कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति करती है यही कारण है कि इस उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत हुई है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता इस चुनाव में कहीं दूर –दूर तक दिखाई नही दिए इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी की विकास की लहर में किस तरह से यह कांग्रेसी नेता धराशाही हुए हैं।

## छोटी-छोटी खबरें

### हाई एल्टीट्यूड पर्वत शिखरों को पार करने के गुर सीखेंगे युवक युवतियां

देहरादून। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) की ओर से नेहरु पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के सहयोग से आयोजित होने वाले हाई एल्टीट्यूड गाइड कोर्स के लिए प्रदेश के 30 युवक व युवतियों का चयन किया गया है। यूटीडीबी की चयन समिति की ओर से चयनित प्रतिभागियों को नेहरु पर्वतारोहण संस्थान के विशेषज्ञ पहाड़ चढ़ने की बारीकियां सिखाएंगे। यूटीडीबी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (साहसिक पर्यटन) अश्विनी पुंडीर ने बताया कि 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 युवक युवतियों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागी गंगोत्री से रुद्रगंगा, ओडेनकाल, खतलिंग ग्लेशियर, वासुकीताल दर्रे को पार करके श्री केदारनाथ धाम पहुंचेंगे। इसी बीच प्रतिभागी नेहरु पर्वतारोहण संस्थान के विशेषज्ञों से ग्लेशियर में चलना व पड़ावों को पार करने में आने वाले जोखिमों से निपटने के गुर भी सिखएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवीन सिंह, मुकेश सिंह लस्पाल, धीरेंद्र सिंह पालीवाल, भूपेंद्र सिंह सोरागी, मीनाक्षी रावत, रिंकी आदि प्रतिभाग करेंगे।

### हेमकुंड साहिब ट्रस्ट गुरुद्वारा में मत्था टेका

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार एवं डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खण्डूरी ने हेमकुंड साहिब ट्रस्ट गुरुद्वारा पंहुचकर दरबार में माथा टेका तथा गुरूद्वारा परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा से मुलाकात करते हुए हेमकुंड साहिब यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की भी जानकारी प्राप्त की तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इस बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब परिसर के निरीक्षण के दौरान परिसर के रसोईघर एवं परिसर में यात्रियों के ठहरने हेतु की गई व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

### यूथ गेम्स में 51 खिलाड़ियों को उतरेगा उत्तराखंड

देहरादून। भारत सरकार के युवा मामलों और खेल मंत्रालय तथा हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 4 जून से दस दिवसीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिये उत्तराखंड 51 खिलाडियों और 15 सपोर्ट स्टाफ के साथ 66 का दल मैदान में उतारेगा। यह दस दिवसीय खेल पंचकुला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम के साथ साथ चंडीगढ़, अम्बाला, शाहबाद और दिल्ली में आयोजित किये जा रहे हैं।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला-बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज- 9837625470

डीएवीपी (भारत सरकार) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# राज्यपाल ने कार्बेट टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया

नैनीताल, नगर संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को कार्बेट टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया। ढिकाला रेंज पंहुचकर उन्होंने कहा की कार्बेट टाइगर रिजर्व विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जो देश–विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन को आधुनीकीकरण से जोड़ते हुए पर्यटकों हर संभव सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जाए इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए की वन्यजीवों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। राज्यपाल ने कहा की वन एवं वन्यजीव उत्तराखण्ड की समृद्ध सम्पदा हैं, इन्हें बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस समृद्ध सम्पदा को सदैव जीवन्त रखने के हर संभव प्रयास किये जाएं। वन सम्पदा को बचाए रखने से प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है जो उत्तराखण्ड के परिपेक्ष्य में बहुत आवश्यक है। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने पर भी विचार किया जाय। उन्होंने कहा की पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ–साथ कार्बेट क्षेत्र में ड्रोन, रिमोटली कंट्रोल्ड कैमरा, सर्विलांस उपकरण, ऑल टैरेन व्हीकल(एटीवी) आदि की संख्या बढ़ाई जाए। भ्रमण के दौरान कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक नरेश कुमार से टाइगर रिजर्व की जानकारी प्राप्त की। निदेशक ने जानकारी दी की एशिया का इस पहले टाइगर रिजर्व में 231 बाघ सहित 1226 हाथी हैं व यहां 600 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां हैं। उन्होंने टाइगर रिजर्व के संचालन व रखरखाव के दौरान आ रही चुनौतियों, मानव संसाधन की कमी आदि की जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल ने कार्बेट टाइगर रिजर्व में कार्यरत कर्मचारियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढाया। उन्होने कार्यरत कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी। राज्यपाल ने कर्मचारियों के लिए दुर्घटना बीमा, पेंशन, बच्चों की शिक्षा, उनके परिवारों की रहने की उचित व्यवस्था आदि बनाए जाने हेतु वन मंत्री से मुलाकात कर इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। भ्रमण के दौरान प्रथम महिला गुरमीत कौर, उपनिदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व नीरज शर्मा, रेंज ऑफिसर इको टूरिज्म संजय पांडे आदि उपस्थित रहे।

# एमएसएमईज की सह–वित्तपोषण व्यवस्था के लिए सिडबी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

नगर संवाददाता




देहरादून। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज एमएसएमईज की सह–वित्तपोषण व्यवस्था के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन पर श्री लाल सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और श्री विवेक कुमार मल्होत्रा, मुख्य महाप्रबंधक, सिडबी ने हस्ताक्षर किए। सिडबी देश का प्रमुख वित्तीय संस्थान है, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमईज) के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास में लगा हुआ है। इस एमओयू के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिडबी के साथ मिलकर एमएसएमईज की परियोजनाओं इकाइयों का संयुक्त वित्तपोषण सह–वित्तपोषण करने पर विचार करेगा। यह एमओयू एमएसएमईज को उनके वित्तपोषण की जरूरतें पूरी करते हुए बैंकों को अपना ग्राहक आधार बढ़ाने में मदद करेगा। समझौते के मुख्य आकर्षणों में व्यवहार्य परियोजनाओं की संयुक्त पहचान करना तथा एमएसएमईज को सावधि ऋण और कार्यशील पूंजी से जुड़ा वित्तपोषण दिलाना शामिल हैं। प्रारंभ में यह समझौता विशिष्ट केंद्रों पर अमल में लाया जाएगा और एक बार इन केंद्रों पर स्थायी व्यवस्था हो जाने के बाद ज्यादा जगहों को कवर किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीजीएम (एमएसएमई) लाल सिंह ने कहा, "एमएसएमई हमारी भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल है जो जीडीपी, निर्यात, विनिर्माण उत्पादन, रोजगार, महिला सशक्तीकरण आदि में योगदान कर रहा है। एमएसएमई बैंक के ध्यान केंद्रित क्षेत्रों में शामिल है और एमएसएमईज का पहला पसंदीदा बैंक बनना यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हमारा लक्ष्य है। सिडबी के साथ हुआ यह गठबंधन एमएसएमई सेक्टर में ऋण का प्रवाह बढ़ाने और एमएसएमई के ग्राहकों को परिचालन सुविधा प्रदान करने का बैंक का सपना साकार करने में मदद करता है। इस साझेदारी के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने अखिलभारतीय शाखा नेटवर्क के माध्यम से सिडबी के एमएसएमई ग्राहकों को सामान्य बैंकिंग उत्पाद, जैसे कि चालू खाते, बचत खाते, कार्यशील पूंजी सुविधाएं और अन्य संबंधित सेवाएं प्रदान कर सकता है।" इसके अलावा गठबंधन की इस व्यवस्था के बारे में बोलते हुए विवेक कुमार मल्होत्रा, सीजीएम, सिडबी ने हर सेक्टर में एमएसएमईज के लिए समय पर वित्तपोषण करने संबंधी सिडबी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## चारधाम व हेमकुंड साहिब के श्रद्धालुओं को मिल रही पेयजल की सुविधा

देहरादून, नगर संवाददाता। चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्रियों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। पेयजल और स्नान करने के लिए पानी की किल्लत न हो इसके लिए ऋषिकेश में यात्रा मार्ग के कई स्थलों पर पानी का टैंकर, वाटर आरओ, वाटर कैम्पर लगाए गए हैं। इसके अलावा यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों पर पेयजल संकट न हो इसके लिए ऋषिकेश के पंजीकरण स्थल पर 04 टैंकर, भरत मंदिर इंटर कॉलेज, ऋषिकेश में 04 टैंकर, जी. जी. आई. सी ऋषिकेश में 02 टैंकर, सनराइज वैडिंग प्वाइंट में 01 टैंकर, श्री राम वैडिंग प्वाइंट में 01 टैंकर लगाए गए हैं।

# पहाड़ की संस्कृति, परंपरा, रीति–रिवाज, संस्कार, भाषा के संरक्षण और विकास के लिए कानून बनाएं: कपरवाण

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय संरक्षक डॉ शक्ति शैल कपरवाण ने उत्तराखंड सरकार, विधायकों से मांग की कि जून में होने वाले विधानसभा सत्र में पहाड़वासियों की संस्कृति पहचान, परंपरा, रीति–रिवाज, संस्कार, भाषा के संरक्षण और विकास के लिए कानून बनाएं। डॉ कपरवाण ने राष्ट्रीय पार्टियों की सरकारों पर आरोप लगाया कि उनकी पहाड़ विरोधी नीतियों के कारण उत्तराखंड देव भूमि प्राचीन हजारों तीर्थ स्थलों की उपेक्षा के कारण पहाड़ वासियों के धार्मिक भावनाओं को बहुत बड़ा आघात लगा है। सरकार और उत्तराखंड के समस्त विधायकों से मांग करते हैं कि देवभूमि उत्तराखंड की रक्षा और विकास करें। देव भूमि में प्राचीन समय से मठ मंदिर ऋषियों की तप स्थली और सैकड़ों तीर्थ खंडर स्थिति में हैं या फिर वे नष्ट हो गए हैं, उनके जीर्णोद्धार और विकास के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। इससे जहां देव भूमि उत्तराखंड के निवासियों की भावनाओं को सम्मान मिलेगा और दूसरी ओर उत्तराखंड के शिक्षित प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा तथा उत्तराखंड राज्य की आय में वृद्धि होगी। यूकेडी नेता डॉ कपरवाण ने कहा कि बद्रीनाथ में वेदव्यास ने महाभारत सहित अनेक पुराणों की रचना करके पूरे पहाड़ उत्तराखंड को एक धर्म क्षेत्र बनाया बनाया और भाजपा कांग्रेस सरकारों ने पहाड़ के इन धर्म स्थानों का न तो संरक्षण किया और न ही विकास किया। जिससे पहाड़वासियों की धार्मिक सांस्कृतिक भावनाओं चोट लगी है। इसलिए




सरकार उत्तराखंड के प्राचीन समस्त धर्म स्थल, सांस्कृतिक स्थलों का सर्वे कर उनका विकास करें। डॉक्टर कपरवाण ने सरकार से यह भी मांग की उत्तराखंड क्रांति दल वर्षों से यह मांग करता आ रहा है कि भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1950 में मूल निवास के संदर्भ में जो अध्यादेश जारी किया था, उसको लागू किया जाए अर्थात जो लोग 1950 से उत्तराखंड में रह रहे हैं ,उनको ही उत्तराखण्ड का मूल निवासी माना जाए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि उत्तराखंड की विकास की नीति मूल निवासियों को और पहाड़ को केंद्रीकृत करके बनाई जाए तथा सरकारी कार्यालय, विभागों, सरकार द्वारा पोषित गैर सरकारी विभागों में पहाड़ वासियों और उत्तराखंड के मूल निवासियों को ही नियुक्तियां दी जाए ,ताकि उत्तराखंड में बेरोजगारी की दर को घटाया जा सकें। उत्तराखंड के सेवायोजन कार्यालयों में उत्तराखंड के मूल निवासी बेरोजगारों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए ताकि पंजीकृत बेरोजगारों को ही उत्तराखंड में रोजगार के दिए जा जा सकें। डॉक्टर कपरवाण ने यह भी मांग की कि सत्र में भू कानून ,हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर बनाया जाए और उसे शीघ्र लागू किया जाए। पहाड़ी क्षेत्र में बेरोजगारी को दूर करने के लिए समस्त आईटी सेक्टर के उद्योगों और कंपनियों की स्थापना पहाड़ी क्षेत्र में की जाए। उत्तराखंड को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए कठोर लोकायुक्त की व्यवस्था की जाए।

# निर्माण कार्य को ससमय, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के सीएम ने दिए निर्देश

नगर संवाददाता

नैनीताल। सर्किट हाउस, गौलापार में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्माणदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य को ससमय, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी द्वारा कार्य में लापरवाही करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिले में आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई अवस्थापना, नहर, वन, जनता दरबार, बहुउद्देशीय शिविरों एवं राष्ट्रीय राजमार्गो के कार्यों की गहनता से समीक्षा की। जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधि व अधिकारी मिलकर योजना बनाए जिससे जनपद की आवश्यकता के अनुरूप विकास को गति मिलेगी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुक्त कुमाऊँ को निर्देश दिये है कि आबादी क्षेत्र एवं सड़क मार्गो पर जो भी सूखे पेड़ है एवं जिनसे जनमाल एवं जनहानि की सम्भावना है उन्हें तत्काल सम्बन्धित डीएफओ से वार्ता कर कटान हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसके साथ ही कुमाऊँ मण्डल के समस्त जिलाधिकारी से समीक्षा बैठक करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में जिन स्थानों पर वर्षाकाल में जलभराव की समस्या रहती है उन



स्थानों को चिन्हित करते हुये तत्काल उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों पर निजी रुचि लेकर फॉलो अप करने, अधिकारी को जनता मिलन एवं उनकी शिकायतें व समस्यायें के निस्तारण के लिए समय निर्धारित करना सुनिश्चित करें । दूरस्थ क्षेत्र के आमजन की समस्याओं का निस्तारण ससमय हो सके, इसके लिए ब्लॉक, न्याय पंचायत स्तर पर बहुउद्देश्य शिविर एवं जनता दरबार लगाने के निर्देश दिये। समस्त कार्यालयों में अधिकारी व कर्मचारी समय पर पहुँचे व आवश्यक रूप से बायोमेट्रिक व्यवस्था से उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही आगामी माह में पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मेयर डॉ जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक वंशीधर भगत, मोहन बिष्ट, सरिता आर्य, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी नीलेश आनंद भरणे, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, डॉ जगदीश चंद्र ,सीडीओ डॉ संदीप तिवारी, डीएफओ टीआर बीजू लाल, संदीप, अभिलाषा सिंह, चन्द्र शेखर जोशी, अधीक्षण अभियंता सिंचाई आर पी सिंह, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, सीएमओ डॉ भागीरथी जोशी, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, विजय बिष्ट, डॉ अनिल कपूर सहित अन्य उपस्थित थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होगा आइकॉनिक सप्ताह का आयोजन

देहरादून, नगर संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 जून को पूर्वान्ह 10.30 बजे विज्ञान भवन नई दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मनाये जाने वाले आइकॉनिक सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम भारत के 75 बड़े शहरों में सीधा प्रसारित किया जायेगा। जिसमें देहरादून भी शामिल है। प्रधान आयकर आयुक्त सुनील वर्मा ने बताया कि देहरादून में इस कार्यक्रम का आयोजन आयकर विभाग द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्रालय एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दोनों मंत्रालयों के अन्तर्गत फलीभूत विभिन्न प्रशासनिक सुधारों का प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें देश में हुए आर्थिक सुधार और वित्तीय क्षेत्र का क्रमिक विकास सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे, जिसमें विगत वर्षों में वित्त मंत्रालय द्वारा किये गये शानदार कार्यों का विवरण होगा तथा विभिन्न मूल्यवर्ग के पाँच सिक्कों का विशेष संस्करण भी लॉच किया जायेगा, जिन पर आजादी का अमृत महोत्सव का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। प्रधानमंत्री जन– समर्थ पोर्टल का उद्घाटन भी करेगें जो कि एक एकीकृत राष्ट्रीय पोर्टल होगा जो ऋण से जुड़ी सरकारी योजनाओं के सभी लाभार्थियों को सुविधा और सुगमता प्रदान करेगा। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी लॉगऑन कर सकते हैं तथा अर्हता के सभी मापदंडों की समीक्षा एवं ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान वित्तीय समावेशन पर बल दिया जायेगा, क्योंकि वास्तव में धन का प्रवाह ही है , जिससे लोग समृद्ध होते हैं। जब लोग समृद्ध होते हैं तभी राष्ट्र–मातृभूमि प्रसन्न होती है। प्रधानमंत्री के द्वारा उठाये गये सभी कदम देश के सर्वागीण और त्वरित विकास की दिशा में ही रहे हैं। इस विषय के अन्तर्गत एक लघु फिल्म का प्रसारण होगा। जिसका शीर्षक है मनी फ्लोज़ नेशन ग्रोज है। वित्त मंत्रालय एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न विभाग जैसे केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड वित्तीय सेवा विभाग लेखा महानियंत्रक तथा अरूण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबन्धन संस्थान आदि के द्वारा 6 जून से 11 जून तक विभिन्न अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार की एक पहल है, जिसके द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष एवं इसके लोग, संस्कृति और उपलब्धियों का स्वर्णिम इतिहास को मनाया एवं स्मरण किया जायेगा। आजादी का अमृत महोत्सव भारत के उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने ना केवल राष्ट्र के अब तक के क्रमिक विकास में अपना योगदान दिया है अपितु अपने में वह शक्ति और सामर्थ्य भी रखते हैं जिसके द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत 2.0, जो कि आत्म निर्भर भारत की भावना से प्रेरित हैं, के विजन को साकार किया जा सकता है।

# उत्तराखंड स्टार्टअप एस्पिरेंट्स मीट आयोजित



देहरादून, नगर संवाददाता। तुलाज़ इंस्टिट्यूट के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन ने आज कॉलेज परिसर में दो दिवसीय उत्तराखंड स्टार्टअप एस्पिरेंट्स मीट 2022 का आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड स्टार्टअप, एसटीपीआई देहरादून, ग्रामीण व्यापार इनक्यूबेटर और हेडस्टार्ट सहित प्रमुख संगठनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तीन सत्र शामिल रहे जिसमें सरकारी अधिकारियों, इनक्यूबेटर के सीईओ, उद्योग के प्रतिनिधियों और एक स्टार्ट–अप फाउंडेशन के साथ पैनल चर्चा शामिल रही। अतिरिक्त निदेशक, एसटीपीआई देहरादून मनीष कुमार, वरिष्ठ सलाहकार, उत्तराखंड स्टार्टअप सिद्धार्थ शुक्ला, और वरिष्ठ वैज्ञानिक, यूएसईआरसी, उत्तराखंड सरकार डॉ. भवतोष शर्मा ने प्रथम पैनल चर्चा में भाग लिया। सत्र में सरकारी पहल और उद्यमिता के माध्यम से उद्यमिता और ग्रामीण विकास पर नीतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेएमसी विभाग के सहायक प्रोफेसर तौसीफ इकबाल और ईईई विभाग की सहायक प्रोफेसर शीतल कपूर द्वारा करी गई। पहले सत्र के बाद, तकनीकी अधिकारी, सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ़ पर्टोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (ब्प्च्म्ज) आदित्य वर्मा ने सिपेट में दी जाने वाली इनक्यूबेटर और स्टार्टअप सुविधाओं पर चर्चा की। निदेशक सीआईआईईएस, डीआईटी विश्वविद्यालय देहरादून उमेश अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक, हेडस्टार्ट मुकेश केस्टवाल, ग्रामीण व्यापार इनक्यूबेटर, पौड़ी गढ़वाल निष्कर्ष मेहरा, और डॉ निशांत सक्सेना ने दूसरे पैनल चर्चा में भाग लिया। संगोष्ठी का आयोजन श्कैसे इनक्यूबेटर सफलता की कहानियों के माध्यम से स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देते हैं और श्कैसे इनक्यूबेटर ग्रामीण स्टार्टअप की सहायता करके ग्रामीण विकास में योगदान दे सकते हैंश पर चर्चा की गई। कांफ्रेंस के दौरान इनोवे इंटेलेक्ट्स की संस्थापक पूजा कुमार ने श्स्टार्टअप पर्सपेक्टिव से बौद्धिक संपदा अधिकार और इसका महत्वश विषय पर एक प्रस्तुति दी। आर2ई टेक्नोलॉजीज की संस्थापक रेणु थपलियाल, आग्यो प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मुकुल मेहता, आर्टेवा समूह के संस्थापक अनुज भास्कर ने तीसरे पैनल की चर्चा में भाग लिया। बातचीत व्यवसायों की सफलता की कहानियों पर केंद्रित रही। उन्होंने श्विभिन्न बाधाओं को कैसे पार किया पर चर्चा की। दो दिवसीय बैठक में तुलाज़ इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ संदीप विजय, तुलाज़ इंस्टिट्यूट के उपाध्यक्ष समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कनिष्ठ अभियंताओं के मसले पर सचिव से मिले यूकेडी नेता, आंदोलन की दी चेतावनी



देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने आज सिंचाई सचिव से मुलाकात करके कनिष्ठ अभियंताओं के मसले पर विस्तार से चर्चा की, साथ ही उन्हें सिंचाई विभाग के पदों को हाल मे हुई कनिष्ठ अभियंता परीक्षा परिणाम मे शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार 25000 नौकरियां देने की बात करती है, वहीं वित्त विभाग तथा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा अधियाचन स्वीकृति के बावजूद सिंचाई विभाग के 228 पदों पर होने वाली भर्ती को ही निरस्त कर दिया है। यूकेडी नेता सेमवाल ने सवाल उठाया कि जब 251पदों पर वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है और विभाग में 328 पद रिक्त हैं तो फिर आखिर सरकार इन पदों पर भर्ती क्यों नहीं करना चाहती। यूकेडी नेता शिवप्रसाद सेमवाल ने सिंचाई सचिव से अनुरोध किया कि सिंचाई विभाग को राज्य में कार्यदाई संस्था बनाया जाना चाहिए तथा विभिन्न बांध परियोजनाओं का निर्माण कार्य में सिंचाई विभाग के द्वारा किया जाना चाहिए। इसके अलावा पंचेश्वर बांध जैसी परियोजनाओं में कनिष्ठ अभियंताओं की आवश्यकता होगी, ऐसे मे सरकार को सिंचाई विभाग के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता सिविल के पदों को तत्काल उत्तराखंड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा में शामिल करना चाहिए। यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि बेरोजगारों के हितों के साथ खिलवाड़ किया गया तो फिर बेरोजगार अभ्यर्थियों के साथ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा, शिक्षा विभाग को शीघ्र मिलेंगे 449 प्रवक्ता

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित विभिन्न विषयों के 449 प्रवक्ताओं को शीघ्र विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत तैनात किया जायेगा, जिसके निर्देश विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दिये गये हैं। आयोग से चयनित शिक्षकों को पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति दी जायेगी। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूलों में पठन–पाठन सुचारू रूप से चल सकेगा। शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा प्रवक्ता संवर्ग के अंतर्गत सामन्य एवं महिला शाखा के सीधी भर्ती के रिक्त 571 पदों पर चयन हेतु उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजा था, जिस पर आयोग ने परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर विभिन्न विषयों के 449 शिक्षकों का चयन कर दिया है, जबकि विभिन्न श्रेणी के शेष पदों पर योग्य अभ्यर्थी न मिलने के कारण चयन नहीं किया गया। डॉ0 रावत ने आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का भली–भांति निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग से चयनित विभिन्न विषयों के 449 शिक्षकों को विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शीघ्र तैनाती के आदेश



विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। चयनित प्रवक्ताओं को पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों में नियुक्ति दी जायेगी ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में पठन–पाठन सुचारू रूप से चल सके। विभागीय मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रवक्त संवर्ग की सामान्य शाखा के अंतर्गत अंग्रेजी विषय में 64, हिन्दी में 81, संस्कृत में 18, भौतिक विज्ञान में 46, रसायन विज्ञान में 42, गणित में 6, जीव विज्ञान में 35, नागरिकशास्त्र में 38, अर्थशास्त्र में 74, इतिहास में 8, भूगोल में 17, समाजशास्त्र में 6, कला, मनोविज्ञान एवं कृषि में एक–एक अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जबकि महिला शाखा के अंतर्गत हिन्दी विषय में 2, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं अर्थशास्त्र में 3–3 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। डॉ0 रावत ने बताया कि सरकार का मकसद स्कूलों में शत–प्रतिशत शिक्षकों की तैनाती करना है ताकि कोई भी छात्र–छात्राएं विद्यालयी शिक्षा से वंचित न रह सके।

# आम आदमी पार्टी ने किया प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार, चार उपाध्यक्ष समेत बनाए गए 11 नए जिलाध्यक्ष

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चार उपाध्यक्ष समेत बनाए गए 11 नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नवनियुक्त पदाधिकारिंं की घोषणा की। विधि विंग, किसान विंग और अल्पसंख्यक विंग में भी विस्तार किया गया। उमा सिसोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी युवा विंग एवं सोशल मीडिया और एडवोकेट रजिया बेग प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी विधि विंग बनाया गया है। एडवोकेट हिम्मत सिंह बिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी जिला टिहरी एवं उत्तरकाशी बनाया गया है। प्रेम सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी जिला रुड़की, आजाद अली प्रदेश उपाध्यक्ष को देहरादून जिले की विधानसभा सीट सहसपुर, देहरादून कैंट व धर्मपुर का प्रभार दिया गया है। एडवोकेट अरविंद वर्मा विधि विंग प्रदेश अध्यक्ष होंगे। नवनीत राठी किसान विंग प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। डॉक्टर यूनिस चौधरी को अल्पसंख्यक विंग प्रदेश अध्यक्ष, आयुष मेहरोत्रा प्रदेश सह प्रभारी कुमाऊं सोशल मीडिया, नीरज फरस्वान प्रदेश सह प्रभारी गढ़वाल सोशल मीडिया बनाया गया है। एडवोकेट भवन सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष चमोली, मनोरथ निराला जिलाध्यक्ष पौड़ी, गौरव रावत जिला अध्यक्ष कोटद्वार, विजय सिंह पंवार जिलाध्यक्ष परवादून, वीरेंद्र सिंह सैनी जिला अध्यक्ष पछवादून, संजय सैनी जिला अध्यक्ष हरिद्वार, विनीत बलुटिया जिलाध्यक्ष नैनीताल, आनंद सिंह बिष्ट जिला अध्यक्ष अल्मोड़ा, नंदन सिंह बिष्ट जिलाध्यक्ष रानीखेत,



उमा सिसोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी युवा विंग एवं सोशल मीडिया और एडवोकेट रजिया बेग प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी विधि विंग बनाया गया है। एडवोकेट हिम्मत सिंह बिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रभारी जिला टिहरी एवं उत्तरकाशी बनाया गया है।

सुभाष व्यापारी जिलाध्यक्ष काशीपुर, जसपाल सिंह जिलाध्यक्ष रुद्रपुर बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने कहा कि आगे अन्य बचे हुए सभी रिक्त पदों पर जल्द ही लोगों को जिम्मेदारियां आवंटित की जाएंगी ताकि आम आदमी पार्टी की तमाम नीतियों को यह सभी पदाधिकारी आम जनता के साथ–साथ उनके घरों तक पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन मजबूती से आगामी सभी चुनाव को लड़ेगा और आम जनता की जो अपेक्षाएं आम आदमी पार्टी से हैं पार्टी उन अपेक्षाओं पर जरूर खरा उतरेगी। उन्होंने सभी नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, डिंपल सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित जोशी मौजूद रहे।

## वृक्ष मानव विश्वेश्वर दत्त सकलानी की स्मृति में पुजार गांव सकलाना में मनाया गया जन्म शताब्दी समारोह

नगर संवाददाता

टिहरी। वृक्ष मानव नाम से मशहूर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वेश्वर दत्त सकलानी की स्मृति में जन्म शताब्दी समारोह उनके पैतृक पुजार गांव सकलाना में मनाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित ग्रामवासियो ने सामूहिक पौधरोपण किया। समारोह में स्थानीय विधायक प्रीतम पंवार ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आमतौर पर पेड़ों और हरियाली के संरक्षण को दर्शाता है, लेकिन व्यापक अर्थों में इसका तात्पर्य पेड़ों, पौधों, पशुओं, पक्षियों और पूरे ग्रह की सुरक्षा से हैं, वास्तव में पर्यावरण और जीवन के बीच एक अनूठा संबंध है वास्तव में पर्यावरण संरक्षण मानव जाति के भविष्य और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। आज पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन ने ,संपूर्ण मानव जाति को प्रभावित किया है, इसी समस्या को दूर करने के लिए प्रकृति प्रेमी, स्वतंत्रता संग्राम, समाजसेवी एवं कर्मयोगी वृक्षमानव विश्वेश्वर दत्त सकलानी इस धरा सुंदर एवं भरा करने क`लिए अपना सब कुछ समर्पित किया है।

कार्यक्रम में विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि आज का मनुष्य रोजमर्रा की निजी जिंदगी में उलझा हुआ है। लेकिन बहुत कम लोग होते हैं, जो अपने जीवन में निस्वार्थ भाव से मानव जाति के कल्याण के लिए निरंतर



कर्म करते रहते हैं। ऐसे ही लोग ही इस संसार में मानव के रूप में जन्म लेकर महामानव बन जाते हैं। ठीक इसी तरह कर्मयोगी, महामानव, वृक्षमानव विश्वेश्वर दत्त सकलानी ने भी निष्काम भाव से प्रकृति एवं समाज को सजाने और संवारने में अपना पूर्ण जीवन को समर्पित किया। वृक्षमानव के शरीर ,आत्मा और रोम–रोम में सदैव पर्यावरण और पेड़–पौधों बसते थे। उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा की अलख जगाए रखी। वृक्ष मानव की तपस्या से पुजार गांव सकलाना, टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड में खड़ा हुआ लाखों वृक्ष का प्राकृतिक आक्सीजन बैंक जो कि समस्त प्राणियों को प्राणवायु और जल–जीवन देने का अविरल काम कर रहा है। गौरतलब है कि वृक्ष मानव विशेश्वर दत्त सकलानी का जन्म 2 जून 1922 को पुजार गांव सकलाना टिहरी गढ़वाल में हुआ था। वृक्ष मानव को वृक्ष लगाकर प्रकृति को संवारने का कर्मभाव अपने पूर्वजों की विरासत से मिला था। पुजार गांव में देवदारों का सघन जंगल इसका ज्वलंत उदाहरण है जो कि लगभग तीन सौ पचास साल पहले सकलानी जी के पूर्वज को शादी में दहेज में मिला था इसी के साथ पत्थर की ओखली और पत्थर का एक धारा मिला।यही कारण है वे आठ वर्ष की खेलने–कूदने की उम्र से ही पेड़ लगाने लगे थे और पर्यावरण के महत्व को समझते थे। वे कहते थे उनकी पढ़ाई लिखाई ढोकर और टक्करों के विश्वविद्यालयों में हुई। फिर क्या था, पुरुषार्थ एवं निस्वार्थ भाव से उम्र बढ़ने के साथ–साथ ही बंजर जमीन पर पेड़–पौधे लगाने की श्रृंखला भी बढ़ती चली गई।

## मोदी सरकार के "8 साल बेमिसाल" के तहत आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

नगर संवाददाता

देहरादून। केन्द्र की मोदी सरकार के "8 साल बेमिसाल" को लेकर योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय में आहुत की गयी। जिसमें कार्यक्रमों की योजना रचना व इस आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही उपलब्धियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए दिशानिर्देश दिये गये। साथ ही सभी कार्यक्रम मण्डलों तक आयोजित करने की बात कही गयी। "8 साल बेमिसाल" के ये कार्यक्रम सभी जिले केन्द्रों पर रैलियों, जनसभा, जनसंपर्क के रूप में किये जायेंगे। जिसमें सभी सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष 75 घंटे का जनसंपर्क करेंगे। कार्यक्रम जो आयोजित किये जाने हैं उनकी रूप रेखा इस प्रकार बनाई गयी। विधायक व जनप्रतिनिधि बैठक 13 जून को होगी। 6 जून प्रत्येक मंडल पर किसान मोर्चा द्वारा चौपाल का आयोजन किया जायेगा। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया जायेगा। महिला सम्मेलन प्रत्येक मंडल में आयोजित किये जायेंगे। 6 जून को अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा अंबेडकर चौपाल प्रत्येक मंडल पर आयोजित की जायेगी। 6 से 8 जून को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा परिवारों से संपर्क किया जायेगा। 7 जून को जनजातीय मोर्चा



द्वारा भगवान बिरसा मुडा सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। 9 जून को ओबीसी मोर्चा द्वारा मंडलों पर चौपाल आयोजित की जायेगी। 13 से 15 जून को 252 के 252 मंडलों पर युवा मोर्चा द्वारा बाईक रैली की जायेगी। 1 से 15 जून तक मंडल के प्रदेश स्तर तक पदाधिकारी, विधायक सांसद सभी जनप्रतिनिधि 75 घंटे जनसंपर्क कर केन्द्र सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही लाभार्थियों को उनका हक मिलने में यदि कहीं कमी रह गयी हो तो उसको दूर करने का भी कार्य करेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, महामंत्री कुलदीप कुमार, महामंत्री सुरेश भट्ट, महामंत्री राजेन्द्र भण्डारी ने भी अपने कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप देने के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये।

## संपादकीय.............

### चारधाम यात्रा को लेकर दुष्प्रचार न करें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को दून विश्वविद्यालय परिसर में बने डॉक्टर नित्यानंद हिमालय शोध एवं अध्ययन केंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम धामी ने चारधाम यात्रा की मौजूदा व्यवस्थाओं को लेकर कहा है कि इस साल चारधाम यात्रा पर सरकार की सोच से परे यात्री पहुंचे हैं। आलम ये है कि चारधामों धामों में यात्रियों के लिए पैर रखने तक की जगह नहीं है। ऐसे में चारधाम यात्रा को सुचारू रूप से चलाना बहुत बड़ी चुनौती साबित हो रही है। सीएम धामी ने कहा कि 5 नवंबर 2021 को उत्तराखंड दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ये दशक उत्तराखंड का होगा। केदारनाथ धाम की भूमि से पीएम मोदी के इस बयान ने लोगों को उत्तराखंड आने के लिए प्रेरित किया है। यही कारण है कि आज विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा समेत अन्य तीर्थ स्थलों और पर्यटन स्थलों में पैर रखने तक की जगह नहीं है। ऐसे में सरकार के सामने चारधाम यात्रा को सुचारू रूप से चलाना चुनौती पूर्ण साबित हो रहा है। सरकार का मकसद है कि जो भी तीर्थ यात्री और पर्यटक उत्तराखंड आए वो यहां से सुरक्षित लौटकर जाए। उनकी यात्रा सरल और सुगम हो, उसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। यारधाम यात्रियों के लिए सरकार ने रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था शुरू की लेकिन सरकार को यह आभास नहीं हो पाया कि चारधाम यात्रा पर इतनी बड़ी तादात में यात्री आएंगे। सीएम ने कहा कि पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर गौर करें तो इस बार तीर्थ यात्रियों संख्या पांच गुना ज्यादा है। जिस दिन बाबा केदार के कपाट खुले, वहां 15–16 हजार यात्रियों के रुकने की व्यवस्था थी। लेकिन उस रात 22–23 हजार तीर्थ यात्री केदारनाथ धाम पहुंच गए। ऐसे में सरकार ने जीरो डिग्री से नीचे तापमान यात्रियों को व्यवस्थित किया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह यात्रा केवल उत्तराखंड की यात्रा नहीं है, अगर यहां कुछ भी गड़बड़ होता है तो पूरे विश्व में गलत मैसेज जाता है। सीएम ने पिछले दिनों सोशल मिडिया पर डाले गए एक वीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि अब अगर यहां लोग आएंगे तो जाहिर है कि भीड़ तो होगी ही। लेकिन उस वीडियो के बाद पूरे देश में संदेश गया कि यात्रा ठीक नहीं चल रही है।

## हिस्ट्री टीवी 18 की डिजिटल ट्रैवेल सीरीज हैजटैग रोड़ ट्रिप्पिन विद आरएनएम का सफर पहुँचा देहरादून

नगर संवाददाता




देहरादून। गर्मी से छुटकारा पाने के लिए और आपको कुछ नई जगहें दिखाने के लिए देश के मशहूर फूडी ट्रैवेलर और एंटरटेनर रॉकी सिंह और मयूर शर्मा हिस्ट्री टीवी 18 की मोबाइल–फर्स्ट फूड एंड ट्रैवेल सीरीज हैजटैग रोड़ ट्रिप्पिन विद आरएनएम के 8वें सीजन में पहुँचे उत्तराखंड। पिछले सात सीजन में, हैजटैग रोड़ ट्रिप्पिन विद आरएनएम ने 200प्लस मिलियन वीडियो व्यू, 800प्लस मिलियन इंप्रेशन और लगभग 8 मिलियन एंगेजमेंट पाकर कामयाबी की नई मिसाल कायम की है और ये सिलसिला इस सीजन में भी जारी है क्यूँकि उत्तराखंड का ये खूबसूरत सफर प्राकृतिक सुंदरता, आध्यात्म, प्राचीन इतिहास और नए जायकों से भरपूर है। सीजन 8 की शुरुआत दिल्ली से हुई जहाँ रॉकी और मयूर ने लोकल स्ट्रीट फूड का स्वाद चखा और फिर उत्तर प्रदेश से गुजरते हुए ये सफर पहाड़ों के प्रदेश उत्तराखंड पहुँचा। पहली रात पहाड़ों के बीच बसे निगलाट के एक खूबसूरत होमस्टे में बिताने के बाद अगले दिन रॉकी और मयूर ने दर्शकों को नैनी झील पर नाव की सवारी कराई और एक सालों पुराने कैफे में चखे कुछ खघस स्वाद। अल्मोड़ा में श्बाल मिठाईश् की मिठास और रानीखेत में कुछ चटपटी जगहों का मजा लेने के बाद वो अपनी मन्नत लेकर पहुँचे चितई के गोलू देवता मंदिर। रानीखेत की ठंडी हवा खाने के बाद ये सफर मार्चुला होते हुए कॉर्बेट पहुँचा जहाँ उन्होंने सफारी का आनंद उठाया। फिर हरिद्वार और मसूरी में आध्यात्म और स्वाद से अपनी आत्मा को तृप्त करने के बाद रॉकी और मयूर देहरादून के लिए रवाना हो गए। देहरादून में रॉकी और मयूर एक भी सेकंड बर्बाद ना करते हुए सीधे काम पर लग जाएँगे और उन खाने की जगहों पर ले जाएँगे जिनके लिए देहरादून प्रसिद्ध है। उनकी इस लिस्ट में चेतन पूरीवाला और सनराइज बेकर्स जैसे पुराने नामों के साथ कलसांग और कैफे डी पिकोलो जैसी मॉडर्न जगहें भी शामिल हैं। और फिर इस सफर की आखघ्रि मंजिल होगी द ब्लूडोर जहाँ रॉकी और मयूर एक और खूबसूरत अनुभव को अपनी इस उत्तराखंड की ट्रिप में जोड़ेंगे। आप हैजटैग रोड़ ट्रिप्पिन विद आरएनएम के सीजन 8 में रॉकी और मयूर के उत्तराखंड के सफर को 25 मई से 5 जून तक फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर फॉलो कर सकते हैं।

## हंगामा प्ले ने टीवी और फिल्म इंडस्ट्री के जाने–माने कलाकारों से सजी अपनी लेटेस्ट हिंदी ओरिजिनल धप्पा को किया लॉन्च

नगर संवाददाता




देहरादून। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने आज अपने लेटेस्ट ओरिजिनल शो– धप्पा को लॉन्च किया है। एंथोलॉजी में मोनालिसा, जय भानुशाली, अबीगैल पांडे, क्रिसन बैरेटो, विशाल सिंह, सनम जोहर, स्मृति खन्ना, अभिषेक कपूर, समृद्ध बावा, दिशांक अरोड़ा, साक्षी शर्मा, वरुण जैन और मोहित दुसेजा जैसे टीवी और फिल्म स्टार्स मुख्य भूमिकाओं में हैं। धप्पा की सभी पांच अनूठी प्रेम कहानियां रोचक ट्विस्ट, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर हैं। प्रेम पवित्र और शाश्वत है, लेकिन रोमांस की सभी कहानियां आसान नहीं होती हैं, खासकर वे जो अपने संदिग्ध चकाचौंध के साथ आती हैं और अक्सर जूसी गपशप में तब्दील हो जाती हैं। धप्पा ऐसी ही पांच रोमांटिक कहानियों का कलेक्शन है। चाहे एक ऐसे शहर में, जहां हर कोई हर किसी को जानता हो, गर्भनिरोधक खरीदने की जद्दोजहद में जुटा एक कपल हो, एक प्रोफेसर का अपने युवा छात्र का दोस्त बनना हो, एक होने वाली दुल्हन हो जो उम्मीद से थोड़ा पहले गर्भवती हो गई हो, या अपने परिवारों द्वारा शादी के बंधन में बंधने को मजबूर किए जा रहे दो दोस्त हों या फिर एक आकस्मिक अंतिम संस्कार जिसने एक्चुअल नाइट से पहले अपनी शादी की रात को एंजॉय करने का प्लान बना रहे कपल के प्लान को खराब कर दिया हो, ये कपल्स अपने रिलेशनशिप को अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों की जासूस आँखों से बचाने की हरसंभव कोशिश करते हैं। ये तो समय ही बताएगा कि वे इसमें सफल होते हैं या नहीं। अपनी लव लाइफ को बचाने के लिए वे किस तरह हर मुश्किल से पार पाते हैं ये जानने के लिए शो को देखना न भूलें। शो के बारे में बताते हुए, हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओ, सिद्धार्थ रॉय ने कहा कि हम अच्छी कहानियों और परफॉर्मेंसेज के साथ प्रयोग करने में यकीन रखते हैं जिन्हें दर्शक पसंद करते हैं। सालों के दौरान, हम ओरिजिनल कंटेंट की लाइब्रेरी बनाने में कामयाब हुए हैं जिसे वैश्विक तौर पर सराहा गया है। लोकल, प्रासंगिक और मनोरंजक कहानियाँ, कभी–कभी घर–घर में पहुंचकर संदेश देती हैं और असर छोड़ती हैं। अभिनेत्री मोनालिसा ने कहा कि धप्पा का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह फैक्ट कि छोटे शहरों में कपल्स को एक–दूसरे के करीब रहने के लिए बहुत सारी रूढियों का सामना करना पड़ता है, निश्चित तौर पर यह बात एक खुलासे की तरह है। इनकी लव लाइफ काफी हद तक लुका–छिपी के खेल की तरह है। मेरा किरदार, मीरा दिल से युवा महिला है, जो कुछ हद तक सांसारिक वैवाहिक जीवन में उलझी हुई है। वह अपने पति का प्यार और अटेंशन चाहती है। वर्सेटाइल एक्टर जय भानुशाली कहते हैं, मैं हमेशा सोचता रहा हूं कि भारत के छोटे शहरों में कपल्स कैसे एक–दूसरे को कोर्ट और डेट करते हैं, और मुझे खुशी है कि धप्पा के साथ मुझे इस अनुभव को जीने का मौका मिला। इसकी प्रेम कहानियां दिलचस्प और फनी हैं और इसमें बेवजह स्ट्रगल की जद्दोजहद है, भले ही कपल्स कोई अपराध न कर रहे हों।

# तीन कौशल रथ को कौशल विकास मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड कौशल विकास मिशन (यूकेएसडीएम), उत्तराखण्ड सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), उत्तराखण्ड राज्य कार्यालय के तत्वावधान में उत्तराखण्ड राज्य में तीन कौशल रथ (मोबाइल वैन) को कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा विधान सभा से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मंत्री ने कहा कि ये कौशल रथ (मोबाइल वैन) 15 दिनों में राज्य के समस्त जनपदों के 260 गांवो में जाकर विभाग की समस्त योजनाओं का प्रचार–प्रसार करेंगे। इस प्रक्रिया में कौशल विकास योजनाओं से जुड़ने हेतु इच्छुक




युवाओं का पंजीयन भी किया जायेगा तथा पंजीकृत युवाओं से विभाग सम्पर्क कर उन्हें अभिरूचि एवं योग्यता के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ने हेतु जानकारी देते हुए प्रेरित किया जायेगा। इन रथों के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा कौशल विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं यथा आई0टी0आई0, लघु अवधि कौशल प्रशिक्षण, कौशल प्रतियोगिता की जानकारी सुदूर क्षेत्र के युवाओं को प्रदान की जाएगी। इस पहल से कौशल विकास कार्यक्रम में राज्य के युवा विशेषकर महिलाऐं, अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम व एसएसपी ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा तैयारियों का निरीक्षण किया

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार एवं डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूरी ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईएसबीटी ऋषिकेश बस स्टैंड पर पंजीकरण स्थल, परिसर कक्ष, तथा बस स्टैण्ड पर बनाये गए चिकित्सा केन्द्र, यात्री विश्राम गृह का औचक निरीक्षण करते हुए समुचित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान यात्रियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने बस स्टैण्ड पर शीतल पेयजल हेतु शाम तक 2 वाटर कूलर स्थापित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए। जबकि यात्रियों को सुगम सुविधा हेतु परिसर में बैंच आदि लगाने के निर्देश भी दिए। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकरण की संख्या बढाकर 5 हजार प्रतिदिन की गई है, सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे और अधिक बढाया जा सकेगा। उन्होंने बस स्टैण्ड परिसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सफाई हेतु कार्मिकों की नियमित उपस्थिति बनाए रखने के साथ ही 2 बायो टॉयलेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियो के ठहरने वाले स्थनों पर भी पेयजल, शौचालय एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ धर्मशाला आदि स्थानों पर ठहराये गए यात्रियों हेतु बनाई गई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों से रूबरू होते हो हुए उक्त स्थलों में पेयजल, साफ–सफाई एवं शौचालय आदि निरीक्षण किया साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यात्री विश्राम स्थलों पर भी भोजन की व्यवस्था बनाये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने यात्रियों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए विश्राम स्थलों पर ही टोकन देने को कहा ताकि यात्री अपने नम्बर के अनुसार पंजीकरण हेतु बस स्टैण्ड पंहुचकर अपना पंजीकरण करवा सकें। उन्होंने टोकन वितरण स्थल भरत मंदिर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया तथा यात्रियों से बात करते हुए यात्रियों की समस्याओं को सुना यात्रियों द्वारा पंजीकरण कराये जाने को कहा जिस पर उन्होंने सभी यात्रियों को जल्द रजिस्ट्रेशन कर यात्रा हेतु रवाना करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने राजकीय चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा वहां परिसर में ठहराए गए यात्रियों से भी बात की। निरीक्षण के दौरान राजस्थान से आए यात्रियों ने अवगत कराया कि उनका समूह के लोगों का पंजीकरण हो चुका है तथा 6–7 लोगों का पंजीकरण नहीं हुआ हैं जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने हुए उनका पंजीकरण कराकर समूह के साथ यात्रा पर भेजने को कहा साथ ही विभिन्न राज्यों से समूह में आने वाले लोगों का सभी का पंजीकरण कराकर एक साथ यात्रा पर भेजे जाने के निर्देश दिए ताकि कोई व्यक्ति अपने समूह से अलग न हो। उन्होंने यात्रियों की समस्या को निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी ऋषिकेश सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



पंजाब सिंद अन्न क्षेत्र का निरीक्षण के दौरान वहां ठहरे यात्रियों से बातचीत की, जिनमें यात्रा कर लौटे यात्री ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा चारधाम यात्रा में अच्छी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश महाराजगंज निवासी रामसुमेर ने बताया कि उनके साथी चारधाम यात्रा कर लौटे हैं, सभी को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्थान पर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा हेतु ऋषिकेश में यात्रियों के लिए सुविधाएं बढाए जाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं तथा बस स्टैण्ड पर अधिक भीड़ ना हो इसके लिए अलग से टोकन वितरण हेतु अलग स्थान बनाये गए हैं जहां से यात्री टोकन प्राप्त कर बस स्टैण्ड पर बनाये गए पंजीकरण केन्द्र पर पंजीकरण करवाकर यात्रा के लिए रवाना हों सकें। उन्होंने कहा कि पहले एक दिन में 3500 यात्रियों का पंजीकरण किया जा रहा था, जिसे बढाकर 5 हजार कर दिया गया है तथा आवश्यकता पढने पर इसे और बढाया जाएगा। बस स्टैण्ड पर शीतल पेयजल हेतु वाटरकूलर लगाने तथा बैठने हेतु बैंच लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी यात्री को कोई समस्या न हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है तथा समय–समय पर अधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों द्वारा इसके लिए निरीक्षण भी किया जा रहें ताकि कहीं पर किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। उन्होंने यात्रियों से भी अनुरोध किया प्रशासन का सहयोग करते हुए प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुसार पहले टोकन प्राप्त करें, उसके बाद पंजीकरण केन्द्र पर पंजीकरण करायें ताकि पंजीकरण केन्द्र पर अनावश्यक भीड़ न लगे। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश गिरीश चन्द्र गुणवन्त, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश शैलेन्द्र नेगी, पुलिस अधीक्षक ग्रमीण कमलेश उपाध्याय, सम्भागीय परिवहन अधिकारी ऋषिकेश अरविन्द पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश श्री ढौंडियाल, एसएचओ ऋषिकेश जिला पर्यटन अधिकारी जे. एस चौहान सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संवेदनशील व आपदा संभावित स्थानों पर एसडीआरएफ ने लगाये चेतावनी सूचक रिफलेक्टर बोर्ड

स्टाफ रिपोर्टर

देहरादून। चारधाम यात्रा व आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें, आपदा के प्रति संवेदनशील तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर नियुक्त है। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं पर्यटकों की सहायता के साथ ही अन्य माध्यमों से भी सहायता करने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को सामान्यतः मार्ग में आने वाले संवेदनशील स्थानों का ज्ञान नही रहता जिस कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।



पुलिस उपमहानिरिक्षक एसडीआरएफ रिधिम अग्रवाल के निर्देशानुसार सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग में आने वाले अति संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर चेतावनी सूचक रिफलेक्टर बोर्ड लगवाये गए है। चेतावनी सूचक होने के साथ ही बोर्ड पर राज्य आपदा परिचालन केंद्र, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष, एसडीआरएफ नियंत्रण कक्ष व टोल फ्री नम्बर उपलब्ध कराए गए है। इन चेतावनी सूचक रिफलेक्टर बोर्ड को देखकर यात्री पर्यटक श्रद्धालु सचेत हो सकेंगे व सावधानीपूर्वक उस स्थान से आगे बढ़ेंगे साथ ही किसी दुर्घटना की स्थिति में उपलब्ध आपातकालीन नम्बर पर सम्पर्क कर पाएंगे जिससे त्वरित रेस्पांस किया जा सकता है।

## बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने विधान सभा सत्र देहरादून में आयोजित होने को स्वागत योग्य कदम बताया

**प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा को लेकर संवेदनशीलः अजेंद्र अजय, रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे उत्तराखंड। तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में आ रही परेशानियों के निराकरण हेतु अधिकारियों से दूरभाष वार्ता। चंपावत विधानसभा उप चुनाव जीतने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी।**

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने गैरसैंण में प्रस्तावित विधानसभा सत्र को देहरादून में आहूत करने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया है और इसे चारधाम यात्रा को लेकर सरकार की संवेदनशीलता बताया है। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चंपावत विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत जीतने पर बधाई दी है। कहा कि वर्तमान में प्रदेश में चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। विगत दो वर्षों में कोरोना महामारी के चलते चारधाम यात्रा बुरी तरह से प्रभावित रही है। इससे यात्रा व्यवसाय से जुड़े लोगों के अलावा प्रदेश की आर्थिकी को भी नुकसान पहुँचा था। मगर वर्तमान में अनुमानों के विपरीत रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक चारधाम के साथ ही प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थलों में उमड़ रहे हैं। अजेंद्र ने कहा कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर शासन, प्रशासन, पुलिस व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी यात्रा व्यवस्था के संचालन में जुटे हुए हैं। ऐसी स्थिति में यदि गैरसैंण में सत्र आहूत होता तो यात्रा व्यवस्था का संचालन प्रभावित होता। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा इस संबंध में प्रदेश सरकार को पत्र भी प्रेषित किया गया था, जिसमें गैरसैंण में सत्र आयोजित करने में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया गया था। उन्होंने कहा है कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर प्रदेश सरकार का यह कदम समयानुकूल है। सरकार के इस फैसले से चारधाम यात्रा को लेकर उसकी संवेदनशीलता भी प्रदर्शित हुई है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चारधाम यात्रा में पंजीकरण के कारण तीर्थ यात्रियों व पर्यटकों को हो रही असुविधा को लेकर दूरभाष पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। अजेंद्र ने प्रदेश के मुख्य सचिव एसएस संधू, मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली समेत रूद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल व चमोली की पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे से दूरभाष पर बात कर पंजीकरण को लेकर पैदा हो रही समस्या का निराकरण करने को कहा।

## उपचुनाव में जीत पर यूकेडी ने सीएम को दी बधाई

देहरादून, नगर संवाददाता। चंपावत उपचुनाव की नतीजे आते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चुनाव जीतने पर बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। यहां भाजपा कार्यालय पर जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व केंद्रीय महामंत्री सुनील ध्यानी ने चम्पावत विधानसभा के उप चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रचंड जीत उन्हें बधाई व शुभकामनायें दीं हैं। प्रेस रिलीज जारी कर उन्होंने कहा कि साथ ही उत्तराखंड क्रांति दल मुख्यमंत्री से अपेक्षा रखते हैं कि उत्तराखंड के सतत विकास को आगे पहुचायेंगे। पहाड़ से चुने हो तो पहाड़ में मुलभुत सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों की ओर ध्यान देंगे। पहाडों में चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देंगे। साथ ही दल उनके जीत के इस अवसर पर स्पष्ट कहना चाहतें हैं कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति करेंगे। सरकारी विभागों में हो रहे घोटालों, अनियमितताओं पर कठोर निर्णय ले। भ्रष्टाचार पर अविलम्ब रोक लगाते हुए दोषियों पर कार्यवाही करेंगे। नौजवानों जो रोजगार की तलाश में हैं, सरकारी भर्तियों से उनको निराश मिलती हैं, परीक्षाओं में हो रही धांधली पर रोक लगाते हुए, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग दल करता है। दल का यह भी कहना हैं कि भ्रष्ट नौकरशाहो पर लगाम लगाते हुए उनको कानूनी सजा दें। अकूत संपत्तियों के मालिक जो तथाकथित सफेदपोश के साथ मिलकर राज्य को लूट रहे हैं, ऐसे अधिकारियों की संपत्ति जांच की जाय। साथ ही सभी नौकरशाहों से उनकी संपत्ति एवं परिवार के सदस्यों की संपत्तियों का पूर्ण विवरण सरकार अनिवार्यता करें।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।